Bachelor of Commerce (B.Com.) Part—II (New) Examination

HINDI

Optional Paper—II

(Other Indian Language)

समय — तीन घंटे] [कुल अंक — 100

सूचना :—सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. 'धन के लोभी मानवता के लिए कलंक होते हैं।'—इस कथन की पुष्टि 'लक्ष्मी का स्वागत' एकांकी के आधार पर कीजिए। 20

अथवा

महादेवी वर्मा गौरा को अन्य गायों की अपेक्षा विशिष्ट क्यों मानती हैं ? वर्णन कीजिए।

2. कवि भवानीप्रसाद मिश्र कितने प्रकार के गीत बेचते हैं ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 20

अथवा

'तुलसीदास के विनय के पद एक भक्त का अपने इष्टदेव के प्रति अनन्य भक्तिभाव का निवेदन है।'—स्पष्ट कीजिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :— 20

(i) जीवन की किताब पढ़ना क्यों आवश्यक है ?

(ii) अर्नाल्ड बेनेट ने निश्चय और साहस के बारे में क्या कहा है ?

(iii) हम मनोजगत् के प्रदूषण की समस्या को कैसे हल कर सकते हैं ?

(iv) सुशीला का परिचय दीजिए।

(v) प्रोफेसर की पत्नी को किस अभाव का दुख था ?

(vi) सोमा बुआ ने किशोरीलाल के यहाँ बिना बुलाए जाने का क्या कारण बताया ?

(vii) रामू अपने घर की तलाश क्यों नहीं कर पाया ?

(viii) लकी भविष्यवाणियों से क्यों प्रभावित होता था ?

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :— 20

(i) 'बादल को घिरते देखा है' — कविता का भावार्थ लिखिए।

(ii) सुभद्राकुमारी चौहान के अनुसार झाँसी की रानी की समाधि महत्त्वपूर्ण क्यों है ?

(iii) मीरा अपने साँवरे के रंग में किस प्रकार रंग गई है ?

(iv) रहीम ने संगति के सम्बंध में क्या कहा है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(v) 'प्रिय प्रवास' कविता की मूल संवेदना को लिखिए।

(vi) 'स्वर्णिम पराग' कविता का आशय स्पष्ट कीजिए।

(vii) कवि 'नीरज' के अनुसार धरती लहू-लुहान क्यों हो गयी है ?

(viii) 'खोने को पाने आये हो ?' कवि ने ऐसा क्यों कहा ?

5. निम्नलिखित प्रश्नों के **अति-संक्षिप्त** उत्तर लिखिए :— 20

(i) जीवनवृत्त की परिभाषा देकर उसके प्रकारों का उल्लेख कीजिए।

(ii) साक्षात्कार के सिद्धांत लिखिए।

(iii) प्रतिवेदन लेखन के उद्भव और विकास को संक्षेप में लिखिए।

(iv) संसद समाचार का प्रारूप तैयार कीजिए।

(v) समाचार की भाषा शैली कैसे होनी चाहिए ?